कैसे चुकाएँ सांवरे एहसान तेरे हम | By Shivangi Kaushik Bhatia

कैसे चुकाएँ सांवरे एहसान तेरे हम
इतना दिया है तूने जो होगा कभी ना कम
कैसे चुकाएँ सांवरे.............

भक्ति में जिसने तेरी जीवन बिताया रे
आसान नहीं मंज़िल रास्ता दिखाया रे
हम जैसे पापियों पे भी तूने किये करम
कैसे चुकाएँ सांवरे.............

उसका बिगाड़ सकती क्या मौत बाल भी
रेहमत से तेरी जिसके बस में हो काल भी
फिर कैसे हारे कोई भी माने तेरे नियम
कैसे चुकाएँ सांवरे.............

ज़िन्दगी संवर गई मेरी तेरे ही नाम से
खुशियां मिली हमें यहाँ तेरे ही साथ से
रहमो करम तेरे सदा पाते रहें यूँ हम
कैसे चुकाएँ सांवरे.............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a5%88%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%9a%e0%a5%81%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%8f%e0%a4%81-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%8f%e0%a4%b9%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a8/